वार्ड दौरे में अनुपस्थित स्वच्छता सुपरवाइजर को नोटिश जारी

जोन क्र 1 अंतर्गत वार्ड 07 फरीदनगर मुरुमखदान क्षेत्र महापौर के निरीक्षण दौरे पर अनुपस्थित सुपरवाइजर जगन्नाथ को शो कॉज नोटिश जारी करने के निर्देश देने की साथ ही वार्ड के नालियों की सफाई व्यवस्था में देखी गयी लापरवाही को लेकर महापौर भड़क उठे। तय अनुसार प्राप्त जनशिकायत को लेकर महापौर आज वार्ड 07 गदा चौक निवासी गुलनाज बेगम के घर पहुंचे थे जिनकी नाली न होने के कारण पानी निकासी और ढलान की वजह से पानी जाम होने की समस्या को लेकर महापौर को आवेदन किया था जिसपर महापौर ने नाली निर्माण करते हुवे गुलनाज बेगम के घर के बाजू स्थित गली के नाले से जोड़े जाने निर्देश दिए जिससे छोटेरूप से ही समस्या का निदान हो सके , मुरुमखदान शिवपारा में स्थित नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र जोकि बंद अवस्था मे है और मोहल्ले की महिलाओं की मांग रही कि उक्त भवन को फरीदनगर के आंगनबाड़ी का संचालन हेतु न देते हुवे गाँधी कॉलोनी में किराए के मकान में संचालित हो रही आंगनबाड़ी का व्यवस्थापन किया जाए जिससे बच्चों को पढ़ाई करने अत्यधिक दूरी तय न करनी पड़े। जिसे लेकर महापौर ने संबधित विभाग को पत्र प्रेषित करते हुवे उक्त भवन में जल्द आंगनबाड़ी खोले जाने को साथ ही मोहल्लेवासियों की मांग के अनुसार भवन में गाँधी कॉलोनी आंगनबाड़ी को सौपें जाने अथवा दो पाली में आंगनबाड़ी संचालित किए जाने निर्देश दिए जिससे की असुविधा न हो। आंगनबाड़ी के सामने स्थित रिक्त भूमि में पड़े मलबे को हटाए जाने और साथ ही वहां स्थित हैंड पम्प को रोड लेवल में लाते हुवे समतलीकरण किए जाने निर्देश दिए। उक्त वार्ड दौरे के दौरान जोन एक नेहरूनगर के सब इंजीनियर कुलदीप गुप्ता , सब इंजीनियर कु कनिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।